Title: Need to enquire the matter of irregularities in MBBS examination held by University of Patna, Bihar.

श्री शंकर प्रसाद जायसवाल (वाराणसी) : महोदय, लालू यादव जी और राबड़ी देवी जी की बेटी मीसा भारती को एम.बी.बी.एस. परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ स्थान दिए जाने के विरोध में सोमवार को पटना में छात्रों ने उपकुलपति नजर अहसन का पुतला फूंका। शिक्षा जगत में श्री लालू यादव और राबड़ी देवी द्वारा इस प्रकार से हस्तक्षेप और दबाव डाल कर सर्वश्रेष्ठ स्थान दिलाना अनुचित है। इसलिए मैं इसकी जांच कराने की सरकार से मांग करता हूं। वहां छात्र उत्तेजित हैं। पटना यूनिवर्सिटी में आंदोलन चल रहा है। वहां पढ़ाई ठप है, इसलिए न्यायिक जांच की आवश्यकता है।

... (व्यवधान)
वहां इंक्वायरी की जाए और इस पर कार्यवाही की जाए।

... (व्यवधान)

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली) : महोदय, सदन की अवमानना हुई है इसलिए मैं सदन का बहिष्कार करता हूं।

१२.२४ म.प.

(तत्पश्चात श्री रघुवंश प्रसाद सिंह ने सदन से बहिर्गमन किया।)